प्रो0 अनुराग त्रिपाठी
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2022/ 611 दिनांकः 03 अगस्त, 2022

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ,उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदन पाठ्यक्रमों में प्रत्यके वर्ष के किसी भी सेमेस्टर में ऑडिट कोर्स उत्तीर्ण होने पर डिविजन अवार्ड किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत् कराना है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थानों में संचालित अखिल भारतीय शिक्षा परिषद से अनुमोदित बी0टेक0 विधा के ऑडिट कोर्स KNC (301/302, 401/402, 501/502, 601/602) के आतंरिक विषयों की परीक्षा आई0आई0टी0, कानपुर द्वारा सम्पन्न कराई जाती है। इन विषयों में छात्र के अनुत्तीण होने पर उसको पुनः आई0आई0टी0, कानपुर में पंजीकरण करवाकर सशुल्क उक्त विषयों की आतंरिक परीक्षा का असाइन्मेन्ट जमा करना पड़ता है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय के सक्षम स्तर द्वारा छात्रहित के दृष्टिगत दिये गये अनुमोदन के क्रम में समस्त विद्याओं के ऑडिट कोर्स (KNC (301/302, 401/402, 501/502, 601/602)) में अनुत्तीण छात्रों को पूर्व में AUC001 एवं AUC002 में अनुत्तीर्ण होने की स्थिति में निर्धारित की गयी व्यवस्था / नियमों की भांति ही नियमानुसार **प्रत्येक वर्ष के किसी भी सेमेस्टर में एक आर्डिट कोर्स उत्तीर्ण होने पर डिविजन अवार्ड किये जाने का निर्णय लिया गया है।**

अतः आपसे अनुरोध उक्त से तदनुसार अवगत होते हुए छात्र / छात्राओं को सूचित कर आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

Anurag Tripathi 03/08/22

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति / कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक / परास्नातक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक